# तीन हत्या आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फॉलोअप**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** नाली निर्माण को लेकर हुई मारपीट में सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने तीन के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इकौना थाना क्षेत्र के महरौली गांव में सोमवार को नाली निर्माण को लेकर लाल बहादुर सिंह व तुलसीराम के विरुद्ध विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग लाठी डंडे के साथ मौके पर आ गए और उनमें मारपीट हो गई। मारपीट में लाल बहादु सिंह को गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। साथ ही उसका बेटा शिवाकान्त सिंह भी घायल हो गया।

पिता की मौत के बाद पुत्र शिवाकान्त सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के श्यामू वर्मा उर्फ राकेश वर्मा, तुलसीराम वर्मा व तुलसीराम की पुत्री के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया।

## आत्महत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** आत्महत्या के लिए महिला को उकसाने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के लखाही निवासी एक महिला ने 26 सितम्बर को डाक से इकौना थाने में प्रार्थना पत्र भेजा था।